**पत्र सूचना शाखा**

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

**राजभवन गेट पर तैनात सुरक्षा टीम को राज्यपाल ने सम्मानित किया**

लखनऊः 17 फरवरी, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज राजभवन में तैनात मुख्य सुरक्षा अधिकारी, श्री इन्द्रजीत सिंह रावत सहित 6 सुरक्षाकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले सुरक्षाकर्मियों में उपनिरीक्षक श्री आर0एन0 त्रिपाठी के साथ श्री राम दर्शन पाण्डेय मुख्य आरक्षी-एण्टी सैबोटेज चेक टीम तथा आरक्षी श्री लाल बहादुर राय, श्री संतोष कुमार मिश्र, श्री अशोक कुमार यादव तथा श्री जय प्रकाश यादव हैं।

राज्यपाल ने सम्मानित करने के उपरान्त जांच टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक दृष्टि से देखा जाये तो घटना छोटी थी। महत्व इस बात का है कि राजभवन गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने पूरी सतर्कता से अपना कर्तव्य निभाया। इससे इस बात का पता चलता है कि यहाँ तैनात सुरक्षाकर्मी अपने दायित्व के प्रति सजग और कर्तव्यनिष्ठ हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षाकर्मियों ने अच्छा काम किया है, इसलिये उन्हें सम्मानित किया जा रहा है।

श्री नाईक ने कहा कि मीडिया ने भी तत्परता दिखाते हुए समाचार को ब्रेकिंग न्यूज के रूप में दिखाया, जिससे मुंबई व अन्य जगह से भी शुभचिन्तकों को जानकारी हो गयी। उन्होंने कहा कि वे हमेशा अच्छे काम की सराहना की बात कहते हैं और आज का सम्मान उसी संदर्भ की एक कड़ी है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 14 फरवरी को राजभवन गेट पर एण्टी सैबोटेज चेक टीम द्वारा चेकिंग के दौरान कार से बम बरामद किये गये थे।

--------